प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

सर्वोच्च न्यायालय ने आज नीट–यूजी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ ने दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अन्य लंबित जनहित याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत ने मुकदमेबाजी से बचने के लिए नीट–यूजी विवाद पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर निजी पक्षों को भी नोटिस जारी किया।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन 16 जून को जमशेदपुर में फ्लाईओवर निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसे लेकर मानगो स्थित गांधी मैदान में शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर जमशेदपुर के डीसी ए. मित्तल सहित अन्य अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं।

****

रांची के पंडरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना के बाद आज स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीड़ित दुकानदार और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। मौके पर उपस्थित सिटी एसपी को उन्होंने जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। मंत्री ने पुलिस गश्ती बढ़ाने, अपराधियों पर नकेल लगाने, नशाखोरी रोकने, रात्रि गश्ती तेज करने और अपराधमुक्त रांची बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिये। दूसरी ओर, मंत्री बन्ना गुप्ता ने धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय अग्रवाल के घर चोरी की घटना का भी संज्ञान लेते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारियों से फोन पर बात कर कानून व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिये।

****

राज्य में लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों के साथ बैठक की और मतदाता सूची में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर बीएलओ मतदाता सूची में सुधार की पहल करेंगे।

****

कुवैत में हुए भीषण अग्निकांड में रांची के रहने वाले एक युवक की भी मौत हुई है। रांची के हिंदपीढ़ी के रहने वाले 22 वर्षीय अली हसन 18 दिन पहले ही नौकरी के लिए कुवैत गए थे। अली हसन का शव आज रांची एयरपोर्ट लाया जायेगा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

****

दुमका जिले के किसानों को मयूराक्षी नदी पर बने मसानजोर डैम से अब पहले से ज्यादा पानी मिल सकेगा।

****

जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा से ईडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने ईडी को पूछताछ के लिए तीन दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। ईडी की ओर से उससे पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए सात दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया गया था।

****

रेलवे सुरक्षा बल ने एक नाबालिग लड़की को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद नाबालिग लड़की को सीडब्ल्यूसी रांची के आदेश से उसकी सुरक्षा के मद्देनजर प्रेमाश्रय को सौंप दिया गया।

****

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। इसे लेकर राज्य भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस खास दिवस पर हजारीबाग के निर्मल जैन की भी चर्चा हो रही है, जिन्होंने 92 बार रक्तदान कर न केवल एक मिसाल कायम की है बल्कि हजारीबाग और चतरा में पांच सौ थैलेसीमिया मरीजों को नयी जिन्दगी दी है।

*********समाप्त*********